# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VII | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 19-09-23 | SET: ONE | Time: 2.30 hrs. |

***Ge**neral Instructions:*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of **13** questions divided into **4** Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of **5** printed pages.*

---

## खंड – क

प्रश्न-1 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

गरमी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे हैं, जो नर-नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन यंत्र लगे हैं। समर्थ जन गरमी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं। प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय है बर्फ़ और बर्फ़ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और लोगों के लिए वरदान हैं।

i. गरमी के प्रकोप से बचने के लिए किसने उपाय खोज निकाले हैं?
  *जानवरों ने   *मछलियों ने   *मनुष्यों ने   *पक्षियों ने

ii. अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं?
  *भूकंपरोधी यंत्र   *परीक्षण यंत्र   *निरीक्षक यंत्र   *वातानुकूलन यंत्र

iii. समर्थ जन गरमी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं?
  *हिमालय पर   *शिमला   *पहाड़ों पर   *कन्याकुमारी

iv. प्यास बुझाने के लिए क्या है?
  *पेप्सी   *फ्रिज का जल   *शीतल पेय   *आम का रस

v. गरमी में आम लोगों के लिए वरदान क्या है?
  *प्याऊ   *कूलर   *कॉफ़ी   *बर्फ़ और बर्फ़ से बने पदार्थ

प्रश्न-2 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए| 5

दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले भारतीयों के जाने-माने नेता के रूप में गाँधी भारतीय प्रवासियों (**NRI**) की माँगों को ब्रिटिश सरकार के सामने रखने के लिए एक बार लंदन गए| वहाँ उन्हें भारतीय छात्रों ने एक शाकाहारी भोज में निमंत्रित किया| छात्रों ने इस अवसर के लिए स्वयं ही शाकाहारी भोजन तैयार करने का निश्चय किया|

तीसरे पहर दो बजे एक दुबला-पतला आदमी उनमें शामिल हो गया और तश्तरियाँ धोने, सब्ज़ी साफ़ करने और अन्य छोटे-मोटे काम करने में उनकी मदद करने लगा| बाद में छात्रों का नेता वहाँ आया तो क्या देखता है कि वह दुबला-पतला आदमी और कोई नहीं, उस शाम को भोज में निमंत्रित उनके सम्मानित अतिथि गाँधी थे| गाँधी दूसरों से काम लेने में बहुत सख्त थे, लेकिन अपने लिए दूसरों से काम कराना उन्हें नापसंद था|

i. कहाँ रहने वाले भारतीयों के जाने-माने नेता के रूप में गाँधीजी प्रसिद्ध थे?

*इटली में *जापान में *जर्मनी में *दक्षिण अफ्रीका में

ii. गाँधी जी कहाँ गए थे?

*असम *लंदन *बिहार *रूस

iii. किन्होंने गाँधी जी को एक शाकाहारी भोज में निमंत्रित किया किया?

*नेताओं ने *रिश्तेदारों ने *भारतीय छात्रों ने *नगरवासियों ने

iv. कैसा आदमी छात्रों की काम में मदद करने लगा?

*छोटा *दुबला-पतला *मोटा *लंबा

v. गाँधी जी को क्या नापसंद था?

*चिल्लाना *देर से आना *रिश्वत लेना *दूसरों से काम करवाना

## खंड – ख

प्रश्न-3 दिए गए प्रश्नों के सही उतर चुनकर लिखिए| 8

(i) 'सम' उपसर्ग से बनने वाला सही शब्द चुनिए -

*समझ *समकोण *सामान *समझदार

(ii) 'बद' उपसर्ग से बनने वाला सही शब्द चुनिए -

*बदलना *बादल *बदसूरत *बेशक

(iii) 'ईला' प्रत्यय से बनने वाला सही शब्द चुनिए -

*पीला *रसीला *मिला *किला

(iv) 'मान' प्रत्यय से बनने वाला सही शब्द चुनिए -

*अनजान *गतिमान *परेशान *धनवान

(v) 'बिजली' के सही पर्यायावाची शब्द चुनिए -

*आग, आग्नि *देवता, देव *चपला, चंचला *रात, रात्रि

(vi) 'निर्मल' के सही पर्यायावाची शब्द चुनिए -

*नेत्र, चक्षु *पवित्र, साफ़ *नदी, सरिता *पानी, नीर

(vii) 'उपचार' शब्द के सही अनेकार्थी चुनिए -

*इलाज, उपाय *लाल, बेटा *रंग, अक्षर *बादल, घन

(viii) 'हार' शब्द के सही अनेकार्थी चुनिए -

*स्वभाव, कुदरत *पराजय, माला *तरीका, भाग्य *प्रकार,रहस्य

प्रश्न-4 (i) किन्हीं दो शब्दों के विलोम लिखिए| 2

धीर, आस्तिक, नूतन, लोक

(ii) वाक्यों में से कारक शब्द छाँटकर लिखिए। 2

क. वज़ीर को उसके पद से हटा दिया| ख. कृष्ण ने सुदामा की सहायता की।

(iii) किन्हीं दो शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलिए। 2

तीखा, प्रभु, देव, कायर

प्रश्न-5 (i) वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए। 2

क. दूध में कौन गिर गया? ख. भिखारी को थोड़ा चावल दे दो|

(ii) किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 2

किसी की शरण में आया हुआ, स्वयं सेवा करने वाला, सब कुछ जानने वाला

(iii) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

डंके की चोट पर, चहल-पहल होना, टुकुर-टुकुर देखना, थक कर चूर होना

## खंड – ग

प्रश्न-6 गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

तोत्तो-चान यासुकी-चान को अपने पेड़ की ओर ले गई और उसके बाद वह तुरंत चौकीदार के छप्पर की ओर भागी, जैसा उसने रात को ही तय कर लिया था| वहाँ से वह एक सीढ़ी घसीटती हुई लाई। उसे तने के सहारे ऐसे लगाया, जिससे वह द्विशाखा तक पहुँच जाए। वह कुर्सी से ऊपर चढ़ी और सीढ़ी के किनारे को पकड़ लिया। तब उसने पुकारा, “ठीक है, अब ऊपर चढ़ने की कोशिश करो|”

यासुकी-चान के हाथ-पर इतने कमज़ोर थे कि वह पहली सीढ़ी भी बिना सहारे के चढ़ नहीं पाया| इस पर तोत्तो-चान नीचे उतर आई और को पीछे सिद्ध धकियाने लगी। पर तोत्तो-चान थी छोटी और नाज़ुक-सी, इससे अधिक सहायता क्या करती! यासुकी-चान ने अपना पैर सीढ़ी पर से हटा लिया और हताश से सिर झुका कर खड़ा हो गया। तोत्तो-चान को पहली बार लगा कि काम उतना आसान नहीं है जितना वह सोचे बैठी थी| अब क्या करें वह?

क. तोत्तो-चान यासुकी-चान को कहाँ ले गई?

*स्कूल *छत पर *अपने घर *अपने पेड़ की ओर

ख. तोत्तो-चान किसके छप्पर की ओर भागी?

*सिपाही के *चौकीदार के *नौकर के *मकान मालिक के

ग. तोत्तो-चान छप्पर से क्या घसीटती हुई लाई?

*सोफ़ा *मेज़ *सीढ़ी *चटाई

घ. यासुकी-चान के हाथ-पर कैसे थे?

*मोटे *लंबे *छोटे *कमज़ोर

ङ. तोत्तो-चान कैसी थी?

*जिद्दी *लंबी और दमदार *शरारती *छोटी और नाज़ुक

प्रश्न-7. पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

बरसे बदरिया सावन की।
सावन की, मन-भावन की।।
सावन में उमग्यो मेरो मनवा, भनक सुनी हरि आवन की।
उमड़-घुमड़ चहुँदिस से आया, दामिन दमकै झर लावन की।।
नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे, शीतल पवन सुहावन की।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर! आनंद-मंगल गावन की।।

क. इस पद में किस महीने का वर्णन किया गया है?

*माघ *चैत्र *सावन *बैसाख

ख. किसका मन उमंग से भर गया हैं?

*सुभद्रा का *मीरा का *बलराम का *देवकी का

ग. किसके आने की आहट सुनकर मीरा प्रसन्न हो गई?

*राजा *राम *कृष्ण *बलराम

घ. धरती पर क्या पड़ रही हैं?

*किरणें *चाँदनी *ओस *वर्षा की बूँदें

ङ. श्री कृष्ण ने किस पर्वत को अपनी उँगली पर उठाया था?

*कैलाश *गोवर्धन *त्रिकूट *विन्ध्याचल

प्रश्न-8 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 6×1=6

क. पेड़ पर चढ़ कर यासुकी-चान ने क्या देखा था?

ख. मीराबाई कौन से काल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं?

ग. गोपियाँ दही क्यों बिलो रही थीं?

घ. तोमोए क्या है?

ङ. खानपान की संस्कृति में बड़ा बदलाव कब से आया है?

च. धनराज पिल्लै का साक्षात्कार किसने लिया था?

छ. कवि छत पर किस भाव से खड़ा था?

प्रश्न-9 किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्यों में लिखिए। 5×2=10

क. यासुकी-चान किसी पेड़ को अपनी निजी संपत्ति क्यों नहीं मानता था?

ख. तोत्तो-चान कौन थी और उसकी हार्दिक इच्छा क्या थी?

ग. पहले पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।

घ. खानपान की मिश्रित संस्कृति ने हमें किसका मौका दिया है?

ङ. धनराज के व्यकित्त्व की क्या विशेषता है?

च. फास्ट फूड से आप क्या समझते है?

छ. तिनका आँख में गिरने के कारण कवि की क्या दशा हुई थी?

प्रश्न-10 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन से चार वाक्यों में लिखिए। 3×3=9

क. अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नजरें नीचे क्यों थीं?

ख. 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड न करने का संदेश मिलता है?

ग. धनराज पिल्लै के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

घ. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यारे', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं**?**

## खंड – घ

प्रश्न-11 किसी एक विषय संवाद लिखिए। 5

स्वच्छता के सम्बन्ध में दो विद्यार्थियों के मध्य संवाद

या

जन्मदिन के विषय पर दो मित्रों का संवाद

प्रश्न-12 किसी एक विषय पर विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

लक्स साबुन

कलम (Pen)

टेलीविजन

प्रश्न-13 नाना जी की सेहत के बारे में बताते हुए पिताजी को पत्र लिखिए| 5

या

विद्यालय में मनाए गए शिक्षक दिवस के बारे में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए|

●●●●●●●●●●●●●●●